# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शुक्रवार, 30 मई, 2025
वर्ष 01 | अंक 140 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## सहजयोग से पाएं दैहिक, दैविक व भौतिक संतापों से मुक्ति

**रणजीत टाइम्स**

भारतीय दर्शनशास्त्र समूचे विश्व में आध्यात्मिक ज्ञान के लिये -प्रसिद्ध है। प्राचीन काल से अनेक देशों के विद्वान भारत में पहुँचे और इस योग भूमि में आकर उन्होंने अध्यात्मिकता की जड़ें खोज निकाली। उस अध्यात्मिकता का सार है आत्मतत्व। हम सभी एक ही चेतनतत्व से बने हैं। परम-पूज्य श्रीमाताजी प्रणित सहजयोग हमें हमारे चेतनतत्व से ,आत्मतत्व से, ही परिचित कराता है। सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक इस ज्ञान को अपने मज्जा तंतू पर जानता है। प. पू. श्रीमाताजी कहते हैं, आत्मानुभूति एक सुंदर अवस्था है। जब आपको आत्मबोध हो जाता है, तो आपका पूरा तन, मन, सबकुछ एकीकृत हो जाता है और इसके बाद आप जो कुछ भी करते है, वह आनंद प्रवाहित करता है। इसलिये जब आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति लिखता है तो वह चैतन्यरूपी आनंद उसकी लेखनी में आता है, मूर्ति बनाता है तो वह मूर्ति चैतन्यित हो जाती है,अगर वह बीज बोता है तो है उसकी खेती की सारी फसल चैतन्य से आंदोलित होती हैं । अब यह सब बहुत विलक्षण है। यह एक मात्र चीज है, जिसे आपको हासिल करना है, बेकार के चमत्कारों की ओर आकर्षित न हों। अपने आत्मा के चमत्कारों को माँगे । जब आत्मा की अभिव्यक्ति होती है तब आप आश्चर्यचकित हो जायेंगे कि आप कितना सुंदर महसूस करते हैं, और कितनी सुंदरता से आप इसे कार्यान्वित करते हैं।

हमारे सारे उपनिषद् इस आत्म तत्व का ही चिंतन और मनन करते हैं। इसे सहजयोग ध्यान की अनुभूति से जाना जा सकता है। उपनिषद्कार कहते हैं, 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' अर्थात, इस पृथ्वीतल पर विराजमान सभी मानव सुखी, निरामय और आनंदपूर्ण बनें। उनके तीनों तापों की अर्थात्, अधिदैविक ,अध्यात्मिक और अधिभौतिक तापों की निवृत्ति हो जाये ,और वे दुःख के भागीदार न बने। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तब वह साधक आदिशक्ति स्वरुपिणी माँ कुंडलिनी के प्रकाश में अपने आपको जानने लगता है। नियमित ध्यान से यह शक्ति उसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पीड़ा का शमन करती है। आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति को सभी प्रकार की आपदाओं से भी बचाया जाता है, दिनों-दिन उसका चित्त आत्मसाक्षात्कार के आनंद मे तल्लीन होकर वह बहुत गुणात्मक और उच्च कोटि का आध्यात्मक जीवन व्यतीत करता है। आपको भी अगर इस आनंद का एक भाग बनना है ,तो आज ही सीखें सहजयोग ध्यान । सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in .

# ऑटो इंडिया एक्सपो 2025 इंदौर बनेगा भारत के ऑटो फ्यूचर का ड्राइविंग हब




**आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स**

**सह. संपादक**

**इंदौरःकुछ शहर सिर्फ नक्शों पर होते हैं और कुछ, बदलाव की राह में आगे निकल जाते हैं। इंदौर अब सिर्फ एक शहर नहीं, एक दिशा है। इसी दिशा में एक बड़ा कदम रखने जा रहा है ऑटो इंडिया एक्सपो 2025 एक ऐसा मंच जहाँ भारत की ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री का भविष्य आकार लेगा। 30 मई से 1 जून 2025 तक, लाभ गंगा एग्ज़िबिशन सेंटर, इंदौर में आयोजित यह तीन दिवसीय एक्सपो, इंडस्ट्री के बड़े नामों, उभरते इनोवेटर्स और टेक्नोलॉजी लीडर्स को एक छत के नीचे लाएगा।इस मेगा इवेंट का आयोजन एग्ज़ीकनेक्ट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जिसने बीते वर्षों में गोवा, हरिद्वार, विशाखापट्टनम औरकेरल जैसे शहरों में सफल प्रदर्शनियों का आयोजन किया है।**

मध्य भारत का औद्योगिक दिल कहलाने वाला इंदौर, आज सिर्फ एक व्यापारिक शहर नहीं, बल्कि ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री के लिए एक तेजी से उभरता हुआ केंद्र बन चुका है। इसकी सेंट्रल लोकेशन, शानदार कनेक्टिविटी और विकसित औद्योगिक ढाँचा इसे ऑटो इंडिया एक्सपो जैसे बड़े आयोजन के लिए बिलकुल उपयुक्त बनाते हैं। खास बात ये है कि इस एक्सपो में सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि पिथमपुर, भोपाल, उज्जैन, देवास, जबलपुर, सागर और आसपास के औद्योगिक शहरों से भी बड़ी संख्या में कारोबारी, डीलर्स, मैन्युफैक्चरर्स, इन्वेस्टर्स और टेक्निकल विज़िटर्स शामिल होने वाले हैं। यानी ये आयोजन न सिर्फ एक शहर का, बल्कि पूरे क्षेत्र की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करेगा।

आयोजक प्रतिनिधिश्री चिराग सोलंकी का कहना है कि "ऑटो इंडिया एक्सपो सिर्फ एकप्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहाँ नए विचार जन्म लेते हैं, पुराने अनुभवों से सीख मिलती है और भविष्य की दिशा तय होती है। यहाँ जुड़ाव भी है, विकास भी और बदलाव की असली शुरुआत भी।"

क्यों खास है ऑटो इंडिया एक्सपो 2025: ऑटो इंडिया एक्सपो 2025 एक ऐसा मौका है जहाँ ऑटोमोबाइल दुनिया की हर बड़ी और जरूरी चीज़ एक ही जगह देखने को मिलेगी। देश और विदेश की जानी-मानी कंपनियाँ इसमें हिस्सा लेंगी जैसे ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियाँ, इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी बनाने वाले ब्रांड, स्मार्ट चार्जिंग सिस्टम, ए.आई.और मशीन लर्निंग से जुड़ी नई तकनीक, गाड़ियों की सजावट और एसेसरीज़, लुब्रिकेंट्स, रबर और बियरिंग्स, टेस्टिंग इक्विपमेंट और बहुत कुछ। इस एक्सपो में आपको लग्ज़री कारें, लोडिंग वाहन, बस बॉडी बिल्डर्स और गेराज या वर्कशॉप से जुड़ी मशीनें भी देखने को मिलेंगी। साथ ही, यहाँ लाइव डेमो होंगे, खरीददारों और बेचने वालों की मीटिंग्स होंगी, और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से सीखने का मौका भी मिलेगा।इसमें डीलर, सरकारी अफसर, फैक्ट्री मालिक, इंजीनियर, रिसर्च करने वाले लोग, स्टार्टअप्स और कॉलेजों के छात्र तक शामिल होंगे। यह सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि नए काम, जुड़ाव और तरक्की का बड़ा मौका है।

## पूर्व विधायक पढेरिया की मनाई 25 वीं पुण्यतिथि

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने अस्पताल में किये मरीजों को फल वितरण

दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी)पिछोर के पूर्व विधायक कमलसिंह पढेरिया की 25वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अमित पडेरिया द्वारा पिछोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किये।



उनके पिता स्व.पढेरिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ,इस मौके पर पिछोर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पत्रकारगण एवं कई भाजपा नेता उपस्थित रहे!श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये पूर्व प्रधानाध्यापक राकेश भारद्वाज द्वारा उनके कार्यों एवं जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक सच्चा एवं कुशल राजनीतिक बताया ! इसके अलावा पिछोर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता,कन्या प्राचार्य विजयराम लोधी, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतलाल लोधी कमलेश पंसारी द्वारा अपने विचार रखे गए!

**इस मौके पर अस्पताल में उपस्थित मरीजों, अटैण्डरों, चिकित्सकों एवं चिकित्सालय स्टाफ द्वारा भी श्री पढेरिया को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये**

इससे पूर्व अमित पढेरिया के निज निवास पर पूर्व विधायक कमलसिंह पढेरिया की पुण्यतिथि मनाई गई जहां उनकी धर्मपत्नि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नवप्रभा पढेरिया मौजूद रहीं जिन्होंने अपने पति के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से ओमकार बाबूजी, अजब सिंह लोधी,रत्नेश निगोती, नीलेश पाराशर, राजकुमार रहोरा, बल्लू पटसारिया, हजरत लोधी आदि उपस्थित रहे!

# पेंशनर संघ ने दिया ज्ञापन



रंजीत टाइम्स

संजय प्रेम जोशी

पेंशनर संघ तहसील हाटपीपल्या जिला देवास.(मप्र. )द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन भोपाल को हाटपीपल्या आगमन पर पेंशनर संघ अध्यक्ष राधेश्याम सोलंकी एवं सचिव अमोलक चंद गोलेच्छा एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ विभाजन सन 2000ई. के समय से लागु धारा 149(6)को तत्काल प्रभाव से विलोपित करने का निवेदन किया. तांकी पेंशनरों को केंद्र के समान डी. ए, एवं अन्य राहत प्रदान करने हेतु मध्य प्रदेश शासन को छत्तीसगढ़ की सहमति की एवं स्वीकृत की आवश्यकता ना हो ज्ञापन देते समय सदस्य श्री मणि शंकर जी नागर,श्री रूप सिंह जी सेंधव,और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे.माननीय मंत्री जी. ने आश्वासन दिया आपकी मांगे पूरी की जाए।

## पिछोर के उज्ज्वल गुप्ता सहायक प्राध्यापक के लिये हुये चयनित

दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल




पिछोर (शिवपुरी)मध्यप्रदेश लोक सेवा अयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा में हिंदी विषय हेतु उज्वल गुप्ता का चयन हुआ है। उज्ज्वल गोकुलधाम निवासी कमलेश गुप्ता-रीना गुप्ता, मल्हावनी वालों के सुपुत्र हैं। जो कि उज्ज्वल मल्हावनी उपनाम से साहित्य सृजन करते हैं। कुछ ही समय पूर्व उनके कहानी संग्रह शर्मा जी का लड़का के लिए वे लखनऊ में पंडित प्रतापनारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान से सम्मानित हुए हैं। उज्ज्वल ने नेट-जेआरएफ की परीक्षा जुलाई 2023 में उत्तीर्ण की थी। उज्ज्वल वर्तमान में जीवाजी विश्वविद्यालय के अंतर्गत रिसर्च सेंटर एमएलबी कॉलेज में प्रोफेसर विष्णु अग्रवाल के मार्गदर्शन में शोध कर है हैं। उज्ज्वल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उनके चयनित होने पर समस्त गोकुलधाम वासियों तथा अन्य लोगों के द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई!

### एसपी ने कोलारस थाना

## लुकवासा चौकी का निरीक्षण किया:2 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

दैनिक रणजीत टाइम्स

सुनील नगेले



शिवपुरी। शिवपुरी में बुधवार रात एसपी ने कोलारस थाना और लुकवासा चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर अपराधियों की नियमित चेकिंग में कमी पाई गई। इस लापरवाही पर एसपी ने बीट प्रभारी और थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने कहा- एसपी ने थाना स्टाफ को सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। धर्मशालाओं और लॉज में ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच के आदेश दिए।

### बसों की फिटनेस और परमिट की होगी जांच

पुलिस मुख्यालय के अभियान के तहत बसों की फिटनेस और परमिट की जांच करने को भी कहा। टीआई को शाम के समय टीम के साथ इलाके में नियमित गश्त करने के निर्देश दिए गए। जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा।

# पति के खाने में नशे की गोली मिलाई, खिलाकर भागी

## शिवपुरी में ढ़ाई लाख के जेवर, नगदी, मोबाइल ले गई महिला; एक महीने पहले हुई थी शादी

दैनिक रणजीत टाइम्स

सुनील नगेले

**शिवपुरी। शिवपुरी में एक नवविवाहिता पर पति को नींद की खोली खिलकर ढ़ाई लाख के जेवर, 30 हजार नगदी और मोबाइल चोरी का आरोप है। पति ने इसकी शिकायत दर्ज कराई है।**

मामला दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम डामरोन कला का है। पति की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम डामरोन कला के अभिषेक वंशकार (22) पुत्र मोहन वंशकार की शादी 30 अप्रैल को ग्राम परसौंदा निवासी युवती निशा के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ सामान्य चलता रहा, लेकिन 27 मई की रात को स्थिति अचानक बदल गई।



### अभिषेक का आरोप है कि

पत्नी ने रात के भोजन में नींद की गोलियां मिलाईं। गोलियों के असर से अभिषेक गहरी नींद में सो गया, जिसका फायदा उठाकर उसकी पत्नी निशा घर में रखे करीब ढाई लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, 30 हजार रुपए नगद और हाल ही में खरीदा गया करीब 10 हजार रुपए का मोबाइल लेकर फरार हो गई। जब 28 मई की सुबह अभिषेक की नींद खुली तो उसने पत्नी को घर पर नहीं पाया। उसने आसपास के स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। पत्नी का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।


# दबंगों ने किया जमीन पर कब्जे का प्रयास,पीड़ित ने आलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार


दैनिक रणजीत टाइम्स

कानपुर नगर। जहां एक तरफ सूबे के मुखिया भू माफियाओं पर कार्यवाही कर रहे हैं। तो वही अभी भी जमीनों पर कब्जे के मामले सामने आ रहे हैं। गुजैनी थाना क्षेत्र बिहारीपुरवा भी ऐसा ही कुछ हुआ जहां कुछ दबंग पहले मारपीट करते हैं। तो वही दूसरी तरफ पीड़ित की जमीन पर कब्जे का प्रयास भी कर रहे हैं। पीड़ित राजू ने आरोप लगाते हुए बताया कि कई वर्षों से जमीन पर कब्जे का प्रयास किया



जा रहा हैं। जब विरोध करते है। तो क्षेत्रीय दबंग सरोज,विनोद,गौरव, झब्बू एवं रामशंकर आदि लोगो अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगते हैं। जब पीड़ित न्याय की आस में थाने जाता है तो कार्यवाही की बात कही जाती है। जिसके बाद आलाधिकारियों के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हो जाता है। लेकिन फिर भी कार्यवाही नहीं होती है। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हो गए। जिसके बाद न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद भी देर रात जमीन पर निर्माण का प्रयास किया जाने लगा। वही गुरुवार को पीड़ित न्याय की आस में डीसीपी ऑफिस दक्षिण पहुंचा। जहां डीसीपी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।




# बारात के दौरान डांस को लेकर विवाद:फक्कड़ कॉलोनी में युवक को बारातियों ने पीटा, पत्थर मारा; गंभीर रूप से घायल

दैनिक रणजीत टाइम्स

सुनील नगेले

शिवपुरी। शिवपुरी के फिजिकल थाना क्षेत्र की फक्कड़ कॉलोनी में बुधवार रात बारात में शामिल युवकों के बीच डांस के दौरान विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक को बारातियों ने बेरहमी से पीट दिया और पत्थर पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, मोहना से विकास जाटव की बारात फक्कड़ कॉलोनी स्थित भूरा जाटव के घर आई थी। रात करीब 1 बजे बारात जैसे ही लड़की वालों के घर के बाहर पहुंची, वहां डीजे पर डांस चल रहा था। इसी दौरान किशन शाक्य पिता छोटेलाल निवासी मोहना (25) का डांस कर रहे अन्य युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

### डांस के दौरान विवाद, युवक को पत्थर मारा

इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि कुछ युवकों ने मिलकर किशन की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान एक युवक ने बड़ा पत्थर उठाकर किशन के ऊपर पटक दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल किशन को तत्काल जिला अस्पताल




लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। गुरुवार दोपहर किशन शाक्य व उसके परिजनों ने फिजिकल थाना पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किशन ने बताया कि हमला करने वाले युवक मोहना के नहीं थे। संभवतः वे दूल्हे के रिश्तेदार या बाहर के दोस्त हो सकते हैं।

# “हिंदी पत्रकारिता: संघर्ष, सेवा और समर्पण की यात्रा”

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स

**प्रधान संपादक**

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हम उन सभी पत्रकारों, संपादकों और समाचार संस्थानों को नमन करते हैं, जिन्होंने हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई। यह दिवस हमें 30 मई 1826 की याद दिलाता है, जब पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी का पहला समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' प्रकाशित किया था — वह दीपक जिसने भारतीय समाज में जागरूकता की पहली लौ जलाई।




## पत्रकारिता: केवल पेशा नहीं, जिम्मेदारी

हिंदी पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं रही, यह सामाजिक बदलाव, स्वतंत्रता संग्राम, और जन-जागरण की प्रेरक शक्ति रही है। गाँधी, तिलक, मालवीय, और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे नेताओं ने अखबारों को आजादी की मशाल बनाया। आज भी पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सत्ता से सवाल करते हैं, समाज की नब्ज टटोलते हैं, और आम आदमी की आवाज बनते हैं।

## चुनौतियाँ: विश्वास की कसौटी पर

आज जब 'ब्रेकिंग न्यूज़' की दौड़, टीआरपी की भूख और डिजिटल माध्यमों का प्रभाव बढ़ा है, तब हिंदी पत्रकारिता को अपने भरोसे और साख की परीक्षा देनी पड़ रही है। फेक न्यूज़, पेड न्यूज़, और मीडिया का ध्रुवीकरण एक गंभीर चुनौती बन गए हैं। ऐसे में संपादकों, संवाददाताओं और प्रकाशकों को यह याद रखना होगा कि पत्रकारिता केवल ख़बरें बेचना नहीं, बल्कि सच की खोज करना है।

## भविष्य की ओर: उम्मीद की किरण

हिंदी पत्रकारिता के सामने अवसर भी अपार हैं। आज ग्रामीण भारत तक मोबाइल और इंटरनेट पहुँच चुका है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी समाचार की माँग तेजी से बढ़ रही है। अगर पत्रकारिता विश्वसनीयता और गुणवत्ता को अपना ध्येय बनाए, तो यह फिर से जन-जन का विश्वास जीत सकती है।

## नमन उन योद्धाओं क

इस हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हम उन सभी वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों, संवाददाताओं और मीडियाकर्मियों को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने बिना डरे सच की मशाल जलाए रखी। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा है कि पत्रकारिता केवल नौकरी नहीं, एक मिशन है।

# भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दिखाई गई भारत के लोकपाल की लघु फिल्म न्यायालय परिसर सनावद में





रणजीत टाइम्स

**आशीष शर्मा**

सनावद-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार भारत के लोकपाल के संबंध में दूरदर्शन द्वारा तैयार की गई लघु फिल्म समस्त न्यायालय कर्मचारी गण को दिखाई गई एवं उन्हें विधिक जागरूकता भ्रष्टाचार विरोधीजागरूकता कार्यक्रम के बारे मे मो असलम दहलवी साहब द्वारा कहा की किसी भी सरकारी गैर सरकारी कर्मचारी अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत आप ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं किसी भी कार्य के लिए सरकारी हो या गैर सरकारी कोई भी आपसे रिश्वत मांगता है या लेता है तो आप ऑनलाइन माध्यम से शिकायत कर सकते हैं यह शिकायत पूर्णतया गोपनीय रखी जाएगी तो भ्रष्टाचार ना करें और आमजन को भी बताए शिविर में समस्त न्यायालीन कर्मचारी गण एडीपीओ संतोष करोले, नायब नाजिर संतोष खन्ना, न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया आदि मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला

## अवैध आर् एम सी प्लांट के टी एम वाहनों ने




## पुलिस कर रही जांच ,2 टी एम वाहन किये जप्त

रणजीत टाइम्स

आमला। नगर के आमला पंखा मार्ग पर बीती 28 मई बुधवार की रात ग्राम नाहिया पर एक मजदूर की हसलपुर पर चल रहे अवैध आर एम सी प्लांट के वाहनों के कुचलने से मौत हो गई मजदूर ग्राम निमझिरी मे मजदूरी कार्य कर अपने ग्राम नाहिया लोट रहा था ।गौरतलब है की ग्राम नाहिया निवासी मुरली पिता टुंचन साहू उम्र 56 वर्ष मजदूरी का कार्य करता था ग्राम निमझिरी मे कार्य से लौटते समय रात लगभग 8 बजे ग्राम नाहिया मे रामदास झपाटे के घर के सामने मुख्य सड़क पर सूत्र से मिली जानकारी की पंखा की ओर से आ रहे टी एम वाहनो द्वारा मजदूर को साइकल सहित रोंद दिया गया घटना स्थल पर ही मजदूर की मौत हो गई व मजदूर के कमर के निचे का हिस्सा बुरी तरह से कुचला गया पुलिस द्वारा मर्ग् क़ायम कर जांच शुरु कर दी गई शव का पीएम करवाकर परिजनों को सोप दिया गया जिसके बाद गुरुवार अंत्यस्टी की गई ।

वही पुलिस द्वारा इस मामले मे ग्राम नाहिया के मेडिकल स्टोर व चौक चौराहे पर लगे सीसी टीवी जांच किये गये जिसके बाद ग्राम हसलपुर पर चल रहे आर एम सी प्लांट के दो क्रांकीट टी एम वाहनों को जप्त कर हसलपुर चौकी पर खड़ा किया गया है इन दोनो टी एम वाहनों के पीछे नंबर प्लेट तक नही है सिर्फ सामने हि प्लेट है ।इस मामले मे चौकी के संतोष मालवीय ने बताया हमारे द्वारा जांच की जा रही है शीघ्र ही वाहन चालक की पतासाजी के बाद प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## अवैध चल रहा आरएमसी प्लांट

उल्लेखनीय है की ग्राम हसलपुर पर स्थित क्रांकीट प्लांट अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है जिसमे प्रदूषण कंट्रोल विभाग द्वारा कोई अनुमति नही ली गई जिसके बाद उक्त प्लांट के क्लोजर के लिए विभाग द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किये गये वही प्लांट संचालक की मनमानी के चलते बिना अनुमति संचालन किया जा रहा है वही रोजाना क्रांकीट टी एम वाहनों से रेलवे व अन्य साईडो पर पहुंचाया जाता है।

## खनीज विभाग ने अवैध भंडारण पर लगाया जुर्माना

वही बीते कुछ दिनों पहले इस अवैध प्लांट पर अवैध खनीज भंडारण पाए जाने पर 18 लाख 47 हजार का जुर्माना लगाया गया जिसके बाद संचालक द्वारा जुर्माना भी जमा नही किया गया वही खनीज विभाग द्वारा गिट्टी रेत बजरी का भारी पैमाने पर भंडारण पाया था ।

# रत्नत्रयवर्धिनी ग्रीष्म कालीन वाचना हेतु कलश की हुई स्थापना




रणजीत टाइम्स

**आशीष शर्मा**

सनावद। जैसा की सभी को ज्ञात हे की वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित अठारह त्यागियों की नगरी सनावद में साधुओं का आना निरन्तर जारी हे इसी क्रम में परम पूज्य उच्चारणाचार्य 108 श्री विनम्रसागर जी महाराज भक्तामर वाले बाबा (17 पिच्छि) ससंघ का अल्प प्रवास सनावद में हो रहा है इसी ताराम्य में आज प्रातः श्री पार्श्वनाथ मंदिर एवं सुपार्श्वनाथ मंदिर में आचार्य संघ के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक शांति धारा संपन्न कराई गई तत्पश्चात परम पूज्य विनम्र सागर जी महाराज ससंघ के द्वारा आज ग्रीष्म काल में वाचना हेतुअल्प प्रवास हेतु आज आचार्य शान्तिसागर वर्धमान देशना संत निलय में प्रातः रत्नत्रयवर्धिनी ग्रीष्म कालीन वाचना हेतु कलश की स्थापना की गई।

समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया की इस रत्नत्रयवर्धिनी ग्रीष्म कालीन वाचना हेतु कलश स्थापित करने का शौभाग्य पवन कुमार भाई विनीश कुमार गोधा परिवार सनावद को प्राप्त हुआ। इस कलश को आचार्य श्री ने अपने हाथों से अभिमंत्रित कर स्थापना कराई। इसी क्रम में आचार्य श्री की आहार चर्या संपन्न हुई।प्रशांत जैन ने बताया की प्रतिदिन आचार्य श्री के सानिध्य में प्रातः श्रीजी का अभिषेक शांति धारा प्रातः 8.30 बजे से आचार्य श्री मंगल देशना प्रातः 10.00 बजे से आचार्य संघ की आहार चर्या दोपहर में 3.00 बजे से तत्व चर्चा शाम 6.30 बजे से आचार्य भक्ति आरती शाम 7.00 बजे से आर्यिका माताजी द्वारा सामायिक पाठ क्लास ली जायेगी।मुनि त्यागी समिति अध्यक्ष मुकेश जैन सभीनसमाज जनों ने समस्त कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिती दर्ज करवाने के लिए निवेदन किया हे।इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।

# भारतीय पत्रकार संघ AIJ के दीपक जांचपुरे बने खरगोन जिला कोषाध्यक्ष

दैनिक रणजीत टाइम्स



**(दीपक तोमर) खरगोन** | युवा पत्रकार दीपक जांचपुरे को भारतीय पत्रकार संघ एआइजे के प्रदेश अध्यक्ष पोपसिंह राठौर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम जी सेन एवं युवा ईकाई राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदिप जी जैन की सहमति से राष्ट्रीय सचिव रणजीत सिंह ठाकुर की प्रेरणा से भारतीय पत्रकार संघ एआइजे युवा विंग का खरगोन जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पद पर मनोनीत गुरुवार को किया है। उनकी नियुक्ति पर नगर के पत्रकारों और समाज जनों ने पुष्प माला पहनाकर और मुंह मीठा कर बधाई दी भारतीय पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष पोपसिंह राठौर राष्ट्रीय सचिव रणजीत सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष पियूष अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजा सांखला जिला उपाध्यक्ष श्याम जोशी जिला उपाध्यक्ष सुरेश महाजन तहसील अध्यक्ष सौरभ राठौर तहसील अध्यक्ष लालू जमालकर मानव अधिकार सुरक्षा संघ प्रदेश सचिव राकेश पांड्या सुनील सामरे जितेन्द्र बुंदेले पवन जांचपुरे , अजय राठौर, कृष्णा, पियूष , अक्षय , आकाश, राहुल, संदीप, प्रशांत, द्वारा इस पद के लिए शुभकामनाएं दी तथा उज्वल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाएं दी।

# नौतपे की भीषण गर्मी में भी किया 25 यूनिट रक्तदान वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है पति-पत्नी ने भी किया रक्तदान

दैनिक रणजीत टाइम्स

**संदीप वाईकर**

बैतूल। नौतपे की भीषण गर्मी ने जब पेड़, पशु, मनुष्य सबके हौसले पस्त कर दिए, तब भी जैरी चौक शोभापुर कॉलोनी सारणी में भीषण गर्मी रक्तदाताओं के हौसलों को तोड़ नहीं पाई। यहां भीषण गर्मी के बीच में जनकल्याण समिति और मां शारदा सहायता समिति द्वारा 29 मई को आयोजित रक्तदान शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और यह साबित कर दिया कि भीषण गर्मी भी उनके हौसले को तोड़ नहीं सकती। शिविर में रक्तक्रांति टीम के शैलेंद्र बिहारिया, सागर सिंह चौहान, सुरेश नागले, राजू भारती ने मां भारती का पूजन कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।



शिविर में एक दंपति ने एक साथ जाकर मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए रक्तदान किया। शिक्षिका श्रीमती दीपिका रघुवंशी और श्री निर्देश रघुवंशी ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि मानवता के कल्याण हेतु आयोजित इस पुनीत आयोजन में परिवार सहित सहभागिता की जानी चाहिए। इस अवसर पर पंकज यादव, राधेश्याम मालवीय, प्रशांत डहेरिया, सनवर मंछुरी, नितेश भारती, नंदकिशोर बनखेड़े, रमेश हरोड़े, योगेश सिंह, कृतिका सिंह, ओंकार सिंह, आशुतोष सिंह, प्रदीप नागले, वर्षा साहू, अनिकेत, अरुण, अशोक, राकेश ने रक्तदान किया।

# भाजपा राज में गबन करो, ऐश करो, विरोध करो तो जेल भरोः मनोज आर्य

## 13 करोड़ का घोटाला उजागर करने निकले कांग्रेसियों को रानीपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स

**संदीप वाईकर**



बैतूल। 13 करोड़ 21 लाख के घोटाले को लेकर आवाज उठाने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही रानीपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मनोज आर्य ने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र का गला घोंटा गया, वे अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव को भ्रष्टाचार से जुड़ा ज्ञापन देने जा रहे थे। इसी दौरान दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई ने साबित कर दिया कि भाजपा सरकार सच्चाई से डरती है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है। मनोज आर्य ने साफ कहा कि भाजपा की मोहन यादव सरकार में सच्चाई बोलना जुर्म बन गया है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने बताया कि चिचोली जनपद पंचायत में जमीन से लेकर मनरेगा तक में बड़े घोटाले हुए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर की मांग ज्ञापन में की गई थी।

मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में दर्ज खुलासों ने भाजपा के विकास के ढकोसले की पोल खोल दी है। चिचोली जनपद पंचायत की भू-स्वामित्व वाली 0.821 हेक्टेयर जमीन, जो खसरा नंबर 214 पर दर्ज है, उसे नगर परिषद के पदों पर बैठे भू-माफिया भाजपा नेताओं की मिलीभगत से शासन के नाम पर ट्रांसफर किया जा रहा है। जमीन के दस्तावेज जलाकर जनपद पंचायत की संपत्ति को कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है। यह सब बिना जनपद बॉडी की सहमति और प्रस्ताव के किया गया, जो साफ तौर पर एक संगठित साजिश है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से 2019-20 और 2021-22 के बीच आंगनवाड़ी मरम्मत के नाम पर 32 लाख 90 हजार रुपये दिए गए थे। लेकिन हकीकत में सिर्फ पुताई कर पैसे निकाल लिए गए। यह पैसा जनता के बच्चों की भलाई के लिए था, जिसे लूटा गया और सरकार आंखें मूंदे बैठी रही। जनपद पंचायत चिचोली द्वारा 2021-22 से 2023-24 के बीच अमृत सरोवर योजना के तहत 112 मरम्मत कार्य चयनित किए गए थे। जिनमें तालाब, चेक डेम, बोल्डर डेम आदि शामिल थे। इन पर खर्च हुए 7 करोड़ 53 लाख रुपये सिर्फ कागजों पर खर्च कर दिए गए। मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई और हकीकत में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जनपद पंचायत चिचोली के तत्कालीन सीईओ और आरईएस विभाग के एसडीओ वर्मा ने मनरेगा योजना में अपने भाई की कंपनी को वेन्डर बनाकर करोड़ों रुपये का फर्जी भुगतान कर डाला। खुद के परिवार को ठेके देकर सरकारी खजाने को चूना लगाया गया और भाजपा सरकार ने इसे नजरअंदाज किया।

2022 से 2024 के बीच ताप्ती सरोवर में भी भ्रष्टाचार के गहरे खेल खेले गए। आरईएस विभाग की एजेंसी और जनपद पंचायत चिचोली के सुपरविजन में काम करते हुए अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों की कंपनियों को वेन्डर बना डाला और जमकर घोटाला किया। मनोज आर्य ने कहा कि यह सरकार अब जनविरोधी हो चुकी है। जो सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है और सच्चाई उठाने वालों को जेल भेजती है, उसका अंत निश्चित है। हम डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं, लड़ते रहेंगे। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं।

# कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा गुरुवार को टाटा सीवरेज प्रोजेक्ट व अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया



**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को गऊघाट, बड़ा पुल चक्र तीर्थ, गाड़ी अड्डा क्षेत्र में चल रहे टाटा सीवरेज प्रोजेक्ट कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी कार्यों को तेज़ गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा काल भैरव मंदिर पहुंचकर वहां पार्किंग स्थल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया । उन्होंने जूता स्टैंड का शेड और बढ़ाए जाने के निर्देश दिए तथा काल भैरव मंदिर के बाहर स्थित परिसर में भी शेड निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने मंदिर में समय-समय पर साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए कहा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा ना हो ।

कलेक्टर सिंह के द्वारा अंगारेश्वर मंदिर पहुंचकर वहां आगामी 31 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने मंच और कार्यक्रम स्थल की अन्य व्यवस्थाएं समय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के द्वारा मंगलनाथ मंदिर के ब्रिज के समीप से लेकर कार्यक्रम स्थल तक होर्डिंग्स और बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए। तथा स्थल के आसपास साफ सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियां करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान निजातपुरा और बियाबानी में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण का कार्य भी देखा। उन्होंने सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर मंदिर के बाहर टाटा सीवरेज लाइन के कार्य को 01 सप्ताह में पूर्ण करने के लिए कहा और मंदिर में चल रहे हैं अन्य निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, एडीएम श्री प्रथम कौशिक, सीईओ स्मार्ट सिटी श्री संदीप शिवा, एसडीएम एवं अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

# नोटरी पर प्लॉट खरीदा तो वकील का लाइसेंस होगा निरस्त

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। शहर में भूमाफियों पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन ने एक सख्त कदम उठाया है। इसमे नोटरी पर प्लाट खरीदने बेचने पर रोक लगा दी गई है और अगर आदेश का उल्लंघन कर किसी वकील ने नोटरी की तो उसका लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा।

अवैध कॉलोनियों में प्लॉटों की खरीदी-बिक्री पर जिला प्रशासन ने नकेल कस दी है। कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर जिले की सीमा में अचल संपत्ति की नोटरी करने पर प्रतिबंध लगा दिया



है।कलेक्टर सिंह ने अवैध कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री शून्य करने और कॉलोनाइजर को पैसे लौटाने का आदेश दिया था। कलेक्टर सिंह ने नोटरी पर प्लॉटों की बिक्री रोकने के लिए वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक, उप पंजीयक, एसडीओ, एसडीएम, थाना प्रभारी व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश २५ जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता २०२३ की धारा-१६३ (१) (२) के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि अचल संपत्ति की नोटरी पर रोक से जन-सामान्य को होने वाली परेशानियों के साथ अवांछनीय गतिविधियों को रोका जा सकता है। इस आदेश के बाद नोटरी होने पर नोटरी करने वाले वकील का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा और एफआइआर जैसी कार्रवाई भी होगी। अवैध कॉलोनियों में नोटरी पर प्लॉटों की खरीदी-बिक्री से बड़े पैमाने पर ठगी होती है। अवैध कॉलोनी काटने वाले सरकार से बगैर अनुमति व टैक्स चुकाए गड़बड़ी करते हैं। बाद में एक ही प्लॉट कई लोगों को बेच दिया जाता है। इससे विवाद होते हैं। पिछले दिनों जनसुनवाई में पहुंचे एक परिवार की कहानी भी कुछ ऐसी ही थी। जमीन से ज्यादा प्लॉटों की नोटरी करने से कई परिवारों की जीवन भर की पूंजी डूब जाती है। कुछ तो कर्ज लेकर प्लॉट खरीदते हैं। अवैध कॉलोनी काटने वाले किसान से कच्ची जमीन का सौदा कर लेते हैं। बाद में मुरम या मलबे की सड़क बनाकर बोरवेल कराते हैं और प्लॉट बेचना शुरू कर देते हैं। पैसे लेने के बाद किसान से ही सीधे नोटरी या रजिस्ट्री करा देते हैं। बाद में जब अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई होती है तो किसान उलझ जाता है और गड़बड़ी करने वाले बच जाते हैं। प्रशासन ने ५८ एफआइआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं, उनमें से अधिकांश प्रकरणों में ऐसा ही किया गया है।

# चोरी गया डीजल व विद्युत ट्रांसफार्मर आईल जब्त कर आरोपियों को किया गिरफ्तार मक्सी पुलिस की कार्रवाई

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर मक्सी/प्रेस नोट जारी करते हुए सूचना संकलन के द्वारा दिनांक 22.05.2025 की मध्य रात्रि भडाना ट्रांसफार्मर 100 KVA उज्जैन रोड मक्सी से कोई अज्ञात बदमाश विद्युत ट्रांसफार्मर से करीबन 120 लीटर आईल किमती 30000 रुपये का चोरी कर ले गयें, फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मक्सी पर अपराध क्रमांक 172/2025 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया तथा दिनांक 25.05.2025 को अज्ञात बदमाश द्वारा जायका ढाबा पर खडें डम्पर में से करीबन 70 लीटर डीजल किमती 6860 रुपये का चोरी कर ले गयें, जिस पर थाना मक्सी पर अपराध क्रमांक 174/2025 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाजापुर श्री




यशपाल सिंह राजपूत के द्वारा थाना क्षेत्र में हो रही डीजल चोरी व ट्रांसफार्मर से आईल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व आरोपी की धरपकड एवं सख्त करवाई हेतु थाना प्रभारी मक्सी को निर्देशित किया। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए मुखबीर सूचना पर सहारा होटल के आगे एक पीले रंग की कार रोड के साइड में खडी हुई मिली। कार के पास खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा तो अपना नाम अब्दुल करीम पिता अब्दुल रउफ निवासी शाजापुर का होना बताया तथा ड्रायवर सिट पर बेठे पर व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गोविन्द मालवीय पिता पीरूलाल मालवीय उम्र 35 साल निवासी शाजापुर का होना बताया दोनों से कार की डिक्की खुलवाकर चेक करते डिक्की में दो 3535 लीटर के काले केन जो डीजल से भरे होना पायें गयें तथा दो हरे रंग के पाईप होना पाये दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की तो दिनांक 25/05/2025 की रात्री में जायका ढाबे पर खड़े डम्फर से डीजल चुराना बताया। उक्त दोनों आरोपीयों से मारुती 800 कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP-09-HC-0004 कीमती 50 हजार रुपये तथा कार के अन्दर रखे 35-35 लीटर डीजल से भरे 02 केन कुल 70 लीटर कीमती 6000 तथा दो हरे रंग के पाइप को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनो आरोपीयों से थाने के अन्य अपराध के बारें पूछताछ करते दिनांक 22.05.2025 की मध्य रात्रि उज्जैन रोड मक्सी पर विद्युत ट्रांसफार्मर से आईल चोरी करना बताया, जिनके कब्जे से मेमोरेण्डम के आधार पर ग्राम नैनावद से करीबन 105 लीटर किमती 26250 रुपयें विद्युत ट्रांसफार्मर का आईल भी जप्त किया गया। उक्त दोनो आरोपीयों से कुल 82,250 रुपये का मश्रुका बरामद किया गया। उक्त दोनो आरोपीयों से अन्य अपराधों के बारें में पूछताछ जारी है।

# साईं मंदिर पर तीन दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## 31 मई सांई स्थापना दिवस पर होगा विशाल भंडारें का आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

थांदला। झाबुआ अंचल के थांदला शहर में श्रद्धा और सबुरी के देवता सांई बाबा के मंदिर परिसर में शिव परिवार एवं हनुमानजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम में आज 29 मई गुरुवार को प्रायश्चित कर्म, हेमाद्रि, दशविध स्नान देव अर्चन, मंडप प्रवेश के साथ भगवान शिव परिवार की भव्य शोभायात्रा का आयोजन स्थानीय बावड़ी मंदिर से किया गया जिसमें त्रिमूर्ति महिला मंडल व साईं समिति सिर पर साफा पहनकर कर शामिल हुए व पूरे नगर में शिव परिवार के दर्शन कराते हुए नाचते गाते हुए सांई मंदिर परिसर पहुँचे। इस दौरान भोला भण्डारा परिवार कि ओर से श्रीमंत अरोड़ा, एमडी चौहान, पवन नाहर, राजू धानक, आत्माराम शर्मा, तुलसी मेहते, प्रकाशचंद्र सोनी आदि ने पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत किया। आगे की जानकारी देते हुए साई समिति अध्यक्ष महेश गढ़वाल, अमृतलाल चौहान व ललित शर्मा ने बताया की इस बार सारें आयोजन शिव मंदिर निर्माण समिति एवं त्रिमूर्ति महिला मण्डल द्वारा सम्पन्न किये जायेंगें। जिसमें 30 मई 2025 शुक्रवार को जलादिवास, धान्यादिवास, शय्यादिवास, यज्ञ के साथ रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पारायण का आयोजन किया जाएगा वही दिनांक 31 मई 2025 शनिवार को प्रातः 11 बजे से शिव परिवार व हनुमानजी की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा होगी जिसकी दोपहर 1 बजे पूर्णाहुति पर महाआरती उतारी जाएगी वही साईंबाबा की आरती शाम 6 बजे होकर उसके पश्चात प्रतिवर्षानुसार महाप्रसादी स्वरूप विशाल भंडारें का आयोजन होगा। शिव भक्त मण्डल व साईं परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से समस्त आयोजन में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।


यात्रा में शामिल साई व शिव भक्त


यात्रा में शामिल त्रिमूर्ति महिला मंडल



# रक्षा सखी टीम का जनजागरूकता अभियान जारी, ग्रामीण क्षेत्रों और समर कैम्प में दी गई जागरूकता की सीख



**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल की पहल पर रक्षा सखी पुलिस टीम द्वारा जनजागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आज दिनांक 29 मई को टीम ने जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों — ग्राम ईशगढ़, अमरपुरा, अमलीफलिया उदयगढ़ और नरसिंहपुरा — का भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। इसी क्रम में लाल बिल्डिंग, रक्षित केंद्र झाबुआ में चल रहे समर कैम्प में बच्चों को मातृशक्ति की प्रतीक देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन परिचय एवं उनके समाज सुधारात्मक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों को बताया गया कि कैसे अहिल्याबाई ने महिलाओं की शिक्षा, समाज में समानता और जनसेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया। रक्षा सखी टीम ने बच्चों को 100 डायल सेवा की जानकारी दी, जिससे आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, बच्चों को 'गुड टच-बैड टच' के माध्यम से यौन शोषण से संबंधित जानकारी दी गई, ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। टीम ने यह भी समझाया कि अजनबियों से दोस्ती न करें, किसी अंजान व्यक्ति द्वारा दी गई कोई चीज न लें, और हमेशा सतर्क रहें। बच्चों को पढ़ाई में रुचि लेने और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। रक्षा सखी टीम का यह जनजागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास है, जो समाज में सुरक्षा की भावना को और



# मनोहर जी झांझरी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण किया

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर । श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आगामी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोहर जी झांझरी को आज विधिवत कार्यालय शुभारंभ, कार्यभार सोपा गया ।**

फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जी विनायका, हेमचंद जी झांझरी, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमितजी कासलीवाल, महामंत्री बाहुबली जी पांड्या, सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार जी पाटोदी, महामंत्री सुशील जी पांड्या राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन जी जैन कासलीवाल उज्जैन नवीन जैन आदि पदाधिकारी ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी एवं सभी ने कहा की श्री मनोहर जी झांझरी फेडरेशन की स्थापना से लेकर आज तक साफ, स्वच्छ एवं निर्विवाद छवि के व्यक्तित्व है । आपकी सरल सौम्यता जग जाहिर है, कार्यभार संभालने के पूर्व ही आपने फेडरेशन के कार्यों को करना प्रारंभ कर दिया था ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोहर जी झांझरी ने कहा आदरणीय भाई साहब जैन रत्न स्वर की प्रदीप कुमार सिंह जी कासलीवाल के द्वारा स्थापित फेडरेशन आज समाज में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं । आदरणीय भाभी साहब पुष्पा जी कासलीवाल का में सदैव ऋणी रहूंगा जो उन्होंने मुझे यह कार्य यह कार्यभार सोपा है आप लोगों के सहयोग एवं स्नेह से ही फेडरेशन के कार्यों को आगे बढ़ाना है । आज महावीर कीर्ति स्तंभ इंदौर पर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ एवं श्री मनोहर जी झांझरी को कार्यभार सोपा गया इस अवसर पर भुपेंद्र जैन विपुल बांझल, आरके जैन एक्साइज, प्रकाश जी पाटोदी रवीश जी जैन देवेंद्र जैन गिरीश रारा ऋषभ जैन, आशीष जैन सूतवाले , प्रदीप गंगवाल, आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन रीजन अध्यक्ष प्रदीप जी चौधरी ने किया आभार महामंत्री संजय पपड़ीवाला जी ने माना ।



# धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अग्रणी बसंतीलाल पाटीदार का निधन

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष को पितृ शोक,अंतिम यात्रा में पहुचे हजारो लोग

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। किसान अशोक पाटीदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार के पिताजी व धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अग्रणी बसंतीलाल पाटीदार का हृदय गति रुकने से गुरुवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकली जो गाँव के मुख्य मार्ग से होते हुए मुक्ति धाम पहुची जहां दोनों पुत्रों द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस दौरान शोक सभा का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश सोनी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा, रितेश जैन, मीसाबंदु लक्ष्मीनारायण पाटीदार, दीनदयाल पाटिदार, भाजपाध्यक्ष मुकेश मोगरा, प्रकाश ट्रेडर्स रतलाम के राकेश कोठारी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रफुल जैन, भारत विकास परिषद के देवेंद्र भारद्वाज, राजस्थान पाटीदार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, कांगेस नेता नन्दराम शाह, विद्या भारती मालवा प्रान्त के दशरथ पाटीदार आदि ने अपने शब्दो से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में सरपंच संघ जिला उपाध्यक्ष कचरूलाल जाट, धनगर समाज के जिलाध्यक्ष भंवरलाल धनगर, भाजपा महामंत्री भँवरगिरी गोस्वामी, नानालाल शाह, अशोक गुजराती, महेंद्र सिंह बामनखेड़ी, आम्बा के बाबुलाल साईराम,मनमोहन सिंह राणा, राजेश पांचाल, संजय पूरी गोस्वामी, जैन श्री संघ के दिनेश चंद्रावत, ऋषभ धींग, विशाल धींग, मांगीलाल पांचाल, पप्पू बैरागी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष लिपेश राठौड़ आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 464 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास




संदीप वाईकर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले की पांचो विधानसभा में 464 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। आमला विधानसभा में 73.50 करोड़ की लागत के इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि पूजन हुआ। जिनमें 5 करोड़ 18 लाख की स्वीकृत राशि से सड़क निर्माण का लोकार्पण, 3 करोड़ 86 लाख की राशि से जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास भवन बोरदेही का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 93 लाख की स्वीकृत राशि से जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना कार्य का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार 52 करोड़ 72 लाख की स्वीकृत राशि से सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 6 करोड़ 48 लाख की राशि से खेत तालाब निर्माण एवं कूप रिचार्ज कार्य का भूमिपूजन, 1 करोड़ 50 लाख की राशि से अमृत सरोवर तालाब, स्टाप डेम एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 65 लाख की राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र इटावा का भूमिपूजन तथा 14 लाख की राशि से भैंसई नदी पर बोरदेही घाट निर्माण एवं साफ सफाई कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया।

भैंसदेही विधानसभा में 64.66 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

भैंसदेही विधानसभा में 64.66 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन हुआ। जिनमें 33 करोड़ 24 लाख की लागत से जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास एवं नवीन स्वास्थ्य केंद्र आवास गृह निर्माण तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण, 5 करोड़ 62 लाख की राशि से धाबा खोमई मार्ग एवं पलासपानी से काजलडोह तक मार्ग निर्माण कार्य का लोकार्पण, 4 करोड़ 57 लाख की राशि से जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना कार्य का लोकार्पण, 2 करोड़ 75 लाख की राशि से जनजातीय बालक अंग्रेजी आश्रम भीमपुर का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 45 लाख की राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार 13 करोड़ 15 लाख की राशि से खेत तालाब निर्माण एवं कूप रिचार्ज कार्य भूमिपूजन, 2 करोड़ 4 लाख की राशि से शासकीय माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 60 लाख की राशि से अमृत सरोवर तालाब कार्य का भूमि पूजन तथा 20 लाख की राशि से स्टॉप डैम निर्माण कार्य का भूमि पूजन शामिल है।

बैतूल विधानसभा में 101.61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

बैतूल विधानसभा में 101.61 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन हुआ। जिनमें 59 करोड़ 97 लाख की राशि से संयुक्त तहसील भवन एवं जनजातीय छात्रावास भवन का लोकार्पण, 2 करोड़ 95 लाख की राशि से अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी एवं जलप्रदाय कार्य का लोकार्पण, 2 करोड़ 75 लाख की राशि से जनजातीय बालक आश्रम खेड़ला का लोकार्पण, 1 करोड़ 40 लाख की राशि से जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना कार्य का लोकार्पण तथा 1 करोड़ 24 लाख की राशि से उद्योग विभाग बैतूल के नवीन भवन का लोकार्पण शामिल है।

इसी प्रकार 11 करोड़ 73 लाख की राशि से विधानसभा अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 6 करोड़ 35 लाख की राशि से कायाकल्प अभियान 2.0 योजना अंतर्गत सीसी रोड, आरसीसी कवर्ड नाली, रोड डिवाइडर, पाथ-वे एवं सेंट्रल लाइटिंग निर्माण कार्य मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत आरसीसी नाली निर्माण, चौराहों का सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण एवं कारगिल चौक पर ट्रैफिक सिंगल एवं पार्किंग निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 5 करोड़ 33 लाख की राशि से खेत तालाब निर्माण एवं कूप रिचार्ज का भूमि पूजन, 4 करोड़ 4 लाख की राशि से शासकीय जनजातीय सीनियर कन्या छात्रावास बैतूल का भूमि पूजन, 3 करोड़ 25 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन कथा 2 करोड़ 58 लाख की लागत से अमृत सरोवर तालाब एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन शामिल है।

घोड़ाडोंगरी विधानसभा में 132.74 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा में 132.74 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। जिनमें 34 करोड़ 18 लाख की राशि से सांदीपनी स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण का लोकार्पण, 10 करोड़ 40 लाख की राशि से भौंरा सातल देही चोपना मार्ग का लोकार्पण, 5 करोड़ 71 लाख की राशि से जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल योजना कार्य का लोकार्पण, 2 करोड़ 75 लाख की राशि से चिचोली तहसील के आदिवासी कन्या आश्रम सोतखेड़ा का लोकार्पण, 1 करोड़ 96 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार 47 करोड़ 88 लाख की राशि से विधानसभा अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 15 करोड़ 86 लाख की राशि से खेत तालाब निर्माण एवं कूप रिचार्ज का भूमि पूजन, 5 करोड़ 50 लाख की राशि से बालक आश्रम भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 2 करोड़ 80 लाख की राशि से छात्रावास एवं माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 2 करोड़ 79 लाख की राशि से अमृत सरोवर तालाब एवं आजीविका व्यावसायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन, 2 करोड़ 24 लाख की राशि से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का भूमि पूजन तथा 63 लाख की लागत से सामुदायिक भवन एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन शामिल है।